भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 298

दिनांक 30 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

संस्वीकृत और प्रचलित आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) और लघु आंगनवाड़ी केंद्रों (एमएडब्ल्यूसी) के बीच भारी अंतर

***298 डा. कनिमोझी एनवीएन सोमू:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान देश में संस्वीकृत और प्रचालित आंगनवाड़ी केंद्रों और लघु आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या में भारी अंतर है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या उक्त केंद्रों का बड़ा हिस्सा किराए के मकानों/अधपक्की इमारतों/खुले/आंशिक रूप से ढके हुए स्थानों पर प्रचालित/चल रहा है और उनमें शौचालय, पेयजल, अलग रसोईघर, दवाओं की किट आदि जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं;

(घ) यदि हां, तो देश में राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ऐसे कितने केंद्र मौजूद हैं; और

(ड.) उनमें मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) से (ड.) : विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

*****

'संस्वीकृत और प्रचलित आंगनवाड़ी केंद्रों(एडब्ल्यूसी) और लघु आंगनवाड़ी केंद्रों(एमएडब्ल्यूसी) के बीच भारी अंतर' के विषय पर डा. कनिमोझी एनवीएन सोमू द्वारा दिनांक 30 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 298 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) में सदंर्भित विवरण

(क) और (ख) : पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत एवं कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक-।** में दी गई है।

(ग) और (घ) : 30.06.2021 की स्थिति के अनुसार कुल 1389110 कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों में से 1255675 आंगनवाड़ी केंद्र पक्के भवनों में चल रहे हैं, 164783 आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधाएं नहीं हैं तथा 286310 आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालयों की सुविधा नहीं हैं। पेयजल की सुविधाओं और शौचालय की सुविधाओं से रहित आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या के साथ पक्के/अर्धपक्के सरकारी/किराए के भवनों से चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक-।।** में दी गई है।

(ड.) : आंगनवाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

i. आंगनवाड़ी सेवा (आईसीडीएस स्कीम) के साथ अभिसरण में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत पूरे देश में 4 लाख आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संशोधित संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए गए;
ii. स्वच्छता कार्य योजना के तहत पेयजल की सुविधाओं के लिए 10,000 रुपये प्रति आंगनवाड़ी केंद्र और शौचालय की सुविधाओं के लिए 12,000 रुपये प्रति आंगनवाड़ी केंद्र प्रदान किए जाते हैं;
iii. वाटर फिल्टर, फर्नीचर, उपकरण आदि खरीदने के लिए अनुदान स्वीकृत किए जाते हैं;
iv. कुशलता के साथ सेवाएं प्रदान करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू) को स्मार्ट फोन दिए गए हैं;
v. गुणवत्ता आश्वासन, ड्यूटीधारकों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां, खरीद की प्रक्रिया, आयुष की संकल्पनाओं का एकीकरण और पूरक पोषण के वितरण में पारदर्शिता, कुशलता और जवाबदेही लाने के लिए पोषण ट्रैकर के माध्यम से आंकड़ा प्रबंधन और निगरानी जैसे अनेक पहलुओं को शामिल करते हुए 13.01.2021 को सुव्यवस्थित दिशा-निर्देश जारी किए गए।

हाल ही में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी सेवा स्कीम का विलय हो गया है। सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत पोषण सामग्री के वितरण में सुधार के लिए प्रति वर्ष 40,000 आंगनवाड़ी केंद्र की दर से 2 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को सुदृढ़, अपग्रेड और पुनरुद्धार किया जाएगा जिसमें शिक्षा विकास कार्यक्रमों के अभिसरण में 6 साल से कम आयु के बच्चों के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और बौद्धिक विकास उत्प्रेरण के लिए पोषण वाटिकाओं का विकास, इंटरनेट/वाई-फाई कनेक्टिविटी सहित बेहतर अवसंरचना के साथ और सेवाएं प्रदान करना/जोड़ना, एलईडी स्क्रीन, वाटर प्युरीफायर/आरओ मशीन लगाना और स्मार्ट अध्ययन सहायक सामग्री, श्रव्य-दृश्य सामग्री तथा बच्चों के अनुकूल सीखने के उपकरण सहित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा शामिल है।

****

अनुलग्नक-I

'संस्वीकृत और प्रचलित आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) और लघु आंगनवाड़ी केंद्रों (एमएडब्ल्यूसी) के बीच भारी अंतर' के विषय पर डा. कनिमोझी एनवीएन सोमू द्वारा दिनांक 30 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 298 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में पिछले 3 वर्षों के दौरान संस्वीकृत और कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या दर्शाते हुए सदंर्भित अनुलग्नक

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	31-03-2019 तक		31-03-2020 तक		31-03-2021 तक	
		संस्वीकृत	कार्यशील	संस्वीकृत	कार्यशील	संस्वीकृत	कार्यशील
1	आंध्र प्रदेश	55607	55607	55607	55607	55607	55607
2	अरुणाचल प्रदेश	6225	6225	6225	6225	6225	6225
3	असम	62153	62153	62153	62153	62153	62153
4	बिहार	115009	99583	115009	106953	115009	111468
5	छत्तीसगढ़	52474	51215	52474	51455	52474	51583
6	गोवा	1262	1262	1262	1262	1262	1262
7	गुजरात	53029	53029	53029	53029	53029	53029
8	हरियाणा	25962	25962	25962	25962	25962	25962
9	हिमाचल प्रदेश	18925	18925	18925	18925	18925	18925
10	झारखंड	38432	38432	38432	38432	38432	38432
11	कर्नाटक	65911	65911	65911	65911	65911	65911
12	केरल	33318	33244	33318	33244	33318	33244
13	मध्य प्रदेश	97135	97135	97135	97135	97135	97135
14	महाराष्ट्र	110486	110219	110486	110219	110486	110219
15	मणिपुर	11510	11510	11510	11510	11510	11510
16	मेघालय	5896	5896	5896	5896	5896	5896
17	मिजोरम	2244	2244	2244	2244	2244	2244
18	नागालैंड	3980	3980	3980	3980	3980	3980
19	उड़ीसा	74154	72587	74154	72587	74154	72587
20	पंजाब	27314	27279	27314	27295	27314	27304
21	राजस्थान	62010	61974	62010	61974	62010	61974
22	सिक्किम	1308	1308	1308	1308	1308	1308
23	तमिलनाडु	54439	54439	54439	54439	54439	54439
24	तेलंगाना	35700	35634	35700	35634	35700	35634
25	त्रिपुरा	10145	9911	10145	9911	10145	9911
26	उत्तर प्रदेश	190145	187997	190145	188229	190145	189309
27	उत्तराखंड	20067	20067	20067	20067	20067	20067
28	पश्चिम बंगाल	119481	116107	119481	116753	119481	117076
29	अंडमान व निकोबार	720	720	720	720	720	720
30	चंडीगढ़	450	450	450	450	450	450
31	दादरा व नागर हवेली और दमन व दीव	302 107	302 107	302 107	302 107	409	409
32	दिल्ली	10897	10897	10897	10897	10897	10897
33	जम्मू और कश्मीर	31938	29599	30765	28460	30765	28460
34	लद्दाख	जम्मू एवं कश्मीर सहित अवधि के दौरान		1173	1139	1173	1140
35	लक्षद्वीप	107	107	107	107	107	107
36	पुद्दुचेरी	855	855	855	855	855	855
अखिल भारत		**1399697**	**1372872**	**1399697**	**1381376**	**1399697**	**1387432**

'संस्वीकृत और प्रचलित आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) और लघु आंगनवाड़ी केंद्रों (एमएडब्ल्यूसी) के बीच भारी अंतर' के विषय पर डा. कनिमोझी एनवीएन सोमू द्वारा दिनांक 30 मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 298 के उत्तर के भाग (ग) और (घ) में पेयजल सुविधाओं और शौचालयों से रहित आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या सहित पक्के/अर्ध पक्के सरकारी/किराए के भवनों से कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या दर्शाते हुए संदर्भित अनुलग्नक

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों की सं.	उन आंगनवाड़ी केंद्रों की सं. जिनके आंकड़े उपलब्ध हैं	सरकारी भवन		किराए वाले भवन		उन आंगनवाड़ी केंद्रों की सं. जिनमें पेयजल की सुविधा नहीं है	उन आंगनवाड़ी की सं. जिनमें शौचालय की सुविधा नहीं है
				पक्का	अर्ध-पक्का	पक्का	अर्ध-पक्का		
1	आंध्र प्रदेश	55607	55607	31642	5	23763	197	0	14731
2	अरुणाचल प्रदेश*	6225	6225	0	5801	0	424	0	5767
3	असम	61715	61715	51167	244	10304	0	19991	22819
4	बिहार	112094	111468	37769	0	46734	26965	0	0
5	छत्तीसगढ़	51586	51586	42728	131	2893	5834	3725	4151
6	गोवा	1262	1262	516	1	743	2	0	0
7	गुजरात	53029	53027	46104	0	6923	0	2294	1562
8	हरियाणा	25962	25962	20063	0	5899	0	300	2613
9	हिमाचल प्रदेश	18925	18925	8981	355	8156	1433	45	155
10	झारखंड	38432	38430	26172	33	5205	7020	11314	12883
11	कर्नाटक	65911	65911	47265	6714	9254	2678	11549	13518
12	केरल	33115	33115	25706	26	7369	14	3921	353
13	मध्य प्रदेश	97135	97135	70887	677	21095	4476	5185	3117
14	महाराष्ट्र*	109832	109832	71992	7042	27710	3088	27215	53496
15	मणिपुर	11510	11510	1239	4186	235	5850	5272	6493
16	मेघालय	5896	5896	5230	185	481	0	2204	309
17	मिजोरम	2244	2244	2244	0	0	0	189	189
18	नागालैंड*	3980	3980	224	2986	60	710	525	2326
19	उड़ीसा	73172	73172	68315	0	4857	0	0	40444
20	पंजाब	27304	27304	24378	0	2926	0	0	2536
21	राजस्थान *	61625	61625	51072	0	10553	0	12676	29098
22	सिक्किम	1308	1308	1032	0	276	0	0	2
23	तमिलनाडु	54439	54439	39344	7867	4320	2908	11912	7899
24	तेलंगाना	35580	35580	21020	2134	8502	3924	1870	18072
25	त्रिपुरा	9911	9911	9621	0	290	0	809	1639
26	उत्तर प्रदेश*	189309	188982	174052	0	14930	0	6393	12891
27	उत्तराखंड*	20048	20048	12560	0	7460	28	3399	3594
28	पश्चिम बंगाल	119481	119481	80252	18478	17289	3462	30857	20884
29	अंडमान व निकोबार	719	719	486	40	166	27	0	46
30	चंडीगढ़	450	450	214	0	236	0	0	0
31	दादरा व नागर हवेली और दमन व दीव	405	405	281	0	70	54	0	0
32	दिल्ली	10755	10755	55	3	10685	12	0	1
33	जम्मू और कश्मीर	28078	28078	830	0	21450	5798	2681	4596
34	लद्दाख*	1140	1140	359	@4	115	662	388	51
35	लक्षद्वीप*	71	71	71	0	0	0	0	0
36	पुदुचेरी	855	855	414	0	441	0	69	75
	कुल ==>>	**1389110**	**1388153**	**974285**	**56912**	**281390**	**75566**	**164783**	**286310**

** डेटा एमपीआर, जून, 2021 के लिए लिया गया है क्योंकि एपीआईपी डेटा उपलब्ध नहीं है।*

@ खुले स्थान में आंगनवाड़ी केंद्र क्योंकि ये आंगनवाड़ी केंद्र घुमतू आबादी के लिए हैं।